# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर (म.प्र.)

MG Road, Nr. Gandhi Hall, Indore - 452 007 (O) 2534579 dcourtind-mp@nic.in

## परिपत्र

क्रमांक : 03 /जीपी-एजीपी/2025 इन्दौर, दिनांक : 13/09/2025

मेरे संज्ञान में यह तथ्य प्रकट हुआ है कि इस स्थापना पर कार्यरत् लोक अभियोजक/अतिरिक्त लोक अभियोजकों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले कोर्ट फीस देयकों में सार्वजनिक/स्थानीय अवकाश अवधि में भी प्रकरणों की पैरवी की जाना उल्लेखित किया जाकर राशि क्लेम की जा रही है, जिसे संबंधित जिला एवं अपर सत्र न्यायालय द्वारा अभिप्रमाणित भी किया जा रहा है। यह भी देखने में आया है कि एक बार भुगतान हो चुके देयक को नवीन पीठासीन अधिकारी से पश्चात् में पुनः अभिप्रमाणित करवाया जाकर, कार्यालय में भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाकर राशि की मांग संबंधित तत्कालीन लोक अभियोजक द्वारा की जा रही है। इसी प्रकार यह भी देखने में आया है कि संबंधित शासकीय अधिवक्ता द्वारा देयक विलम्ब से प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जिस संबंध में कोई स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया जाता।

अतः उपरोक्त अनियमितताओं एवं वित्तीय अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए, इस परिपत्र के माध्यम से समस्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित लोक अभियोजक/अतिरिक्त लोक अभियोजकों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले कोर्ट फीस देयकों की जांच व मिलान बोर्ड डायरी से किये जाने, उपस्थिति पंजी को अभिप्रमाणित किये जाने के पूर्व संबंधित प्रवर्तन लिपिक के प्रतिहस्ताक्षर (Counter Signature) प्राप्त किये जावें तथा देयक एक ही बार प्रस्तुत किये जाने की पुष्टि किये जाने हेतु न्यायालय में तत्संबंधी सूची व अभिलेख भी सुरक्षित रखा जावे, ताकि भविष्य में कार्यालय द्वारा वांछित किये जाने पर सही जानकारी प्राप्त हो सके। यह भी निर्देशित किया जाता है कि अवकाश अवधि का भी ध्यान रखा जावे।

इस परिपत्र का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

{ अजय श्रीवास्तव }
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक : 7463 /जीपी-एजीपी/2025 इन्दौर, दिनांक : 13/09/25 13/9/25

प्रतिलिपि -

01- समस्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक जिला स्थापना, इन्दौर/डॉ.अम्बेडकर नगर/सांवेर/देपालपुर/हातोद, जिला इन्दौर

02- अध्यक्ष/सचिव, अभिभाषक संघ, इन्दौर/डॉ.अम्बेडकर नगर/सांवेर/देपालपुर/हातोद, जिला इन्दौर

P.T.O.

03- लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता, इन्दौर

04- कोर्ट मैनेजर/प्रशासनिक अधिकारी/समस्त उप-प्रशासनिक अधिकारी/लेखापाल/समस्त सहायक लेखापाल, लेखानुभाग, जिला न्यायालय, इन्दौर

05- प्रस्तुतकार व प्रवर्तन लिपिक, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, इन्दौर की ओर सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

05- सिस्टम ऑफिसर, कम्प्यूटर अनुभाग, जिला न्यायालय, इन्दौर की ओर परिपत्र को अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड किये जाने व समस्त संबंधित न्यायिक अधिकारीगण की ओर ई-मेल के माध्यम से परिचारित किये जाने हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला इन्दौर, मध्यप्रदेश